विडम्बना — कई बार हो चुका है हादसा, बिना फंड के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार तहसील गोहपारू

# वर्षों से संचालित तहसील कार्यालय सुगम मार्ग से वंचित



**गोहपारू, शहडोल, नवभारत।** जिले मेंविगत कई वर्षों से गोहपारू तहसील संचालित है लेकिन आने जाने के लिए पक्के पहुंच मार्ग की व्यवस्था नहीं है हर दिन अधिकारी आते जाते है यहां तक की जिला के कलेक्टर तक इस मामले में टिप्पणी कर चुके है फिर भी तहसील आने जाने वाले लोगों के लिए एक सुगम मार्ग की व्यवस्था नहीं है करोड़ों की लागत से भवन बन कर संचालित हो जाते है लेकिन आने जाने का सुगम मार्ग न होने के कारण उपेक्षा का शिकार हो रहा।

आपको बता दे कि तहसील में हर दिन लगभग 58 ग्राम पंचायत के लोग अधिवक्ता और अधिकारी कर्मचारी को छोड़कर आते जाते है अगर यह मार्ग बन गया तो पूरे क्षेत्र को फायदा पहुंचेगा अब तो अनुविभागीय अधिकारी का लिंक कोर्ट भी संचालित होने लगा है हालांकि इस मामले में असवारी पंचायत की तरफ से पूर्व में प्रस्ताव भी दिया गया लेकिन फंड के अभाव में मार्ग का निर्माण नहीं हो सका।

### इनका कहना है

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष तहसील गोहपारू का कहना है कि इस सड़क में आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है कई बार तो लोग घायल हुए है जिनको गंभीर चोंट भी आई है बारिश के मौसम में पक्षकार सुनवाई के दौरान समय पर नहीं पहुंच पाते है वहीं थाना होकर अगर कोई लोक सेवा आता है तो वह भी तार रुंधा हुआ है एक बार तो एक व्यक्ति को कई खरोंच आई जिस बात को लेकर कलेक्टर ओर जनप्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया लेकिन सुगम पहुंच मार्ग नहीं बना।

**महेंद्र शर्मा**
**अधिवक्ता संघ, गोहपारू तहसील**

जानकारी आपके माध्यम से आई है तहसील पहुंचने के लिए सुगम मार्ग होना आवश्यक है इस पर बात कर के बताती हूँ।

**राम बाई**
**अध्यक्ष, जनपद पंचायत गोहपारू**

फंड न होने की वजह से उक्त निर्माण कार्य नहीं हो सका ।

**सुधीर दिनकर**
**सीईओ, जप गोहपारू**

इस सड़क से सीधा लोगो को फायदा होगा लगभग 300 मीटर की सीसी सड़क है, 25 लाख के आस पास फंड लगेगा लेकिन हमारे पास इतना फंड नहीं हैं प्रस्ताव तैयार कर खनिज और विधायक को भेजा है फंड मिलने पर पहुंच मार्ग का निर्माण होगा।

**पूजन सिंह**
**सरपंच, ग्राम पंचायत असवारी**

# गांधी स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन

गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर फहराएंगे राष्ट्रध्वज



**शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि घोषित किया गया है। मुख्य समारोह में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी जाएगी।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मार्च-पास्ट तथा विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 8:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 9 बजे राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा, प्रातः 9:5 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण, प्रातः 9:15 बजे मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा।

### कार्यक्रम में दी जाएंगी रंगारंगा प्रस्तुतियां

प्रातः 9:30 बजे रंग-बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े जाएंगे तत्पश्चात मार्च-पास्ट का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9:50 बजे से देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति स्कूली बच्चों के समूह द्वारा दी जाएगी। प्रातः 10:20 बजे से विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

प्रातः 10:40 बजे से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों तथा सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को मुख्य अतिथि पुरस्कार वितरण करेंगे। प्रातः 11:00 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से ग्रामीण आजीविका को मिलेगा नया आयाम



▶ शहडोल में 'एक बगिया मां के नाम' योजना के तहत एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

**शहडोल।** ग्रामीण आजीविका को सशक्त और टिकाऊ बनाने की दिशा में शहडोल जिले में एक अभिनव पहल के तहत ड्रैगन फ्रूट (पिताया) की खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सुयश फार्म, हर्राटोला, गोहपारू में किया गया।

यह कार्यशाला 'एक बगिया मां के नाम' योजना के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल शिवम प्रजापति ने कहा कि ड्रैगन फ्रूट जैसी उच्च मूल्य वाली फसलें ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वरदान सिद्ध होंगी। उन्होंने बताया कि 'एक बगिया मां के नाम' योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को स्थायी आजीविका, पोषण सुरक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को एक एकड़ का बगीचा स्थापित कर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। कार्यशाला में योजना के अंतर्गत चयनित 40 से अधिक लाभार्थियों को ड्रैगन फ्रूट की खेती से संबंधित भूमि चयन, पौध रोपण, सहारा प्रणाली, जैविक पोषण, सिंचाई प्रबंधन, रोग नियंत्रण, लागत-लाभ विश्लेषण एवं बाजार से जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुधीर दिनकर, सरपंच सज्जन सिंह, डॉ. सुनीला कुमारी, देविक भूमि फाउंडेशन के डायरेक्टरयशपाल, दीपक जायसवाल सहित 'एक बगिया मां के नाम' योजना के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे।

# इंदौर कांड के बाद शहडोल में पेयजल शुद्धिकरण पर सख्ती

ब्लीचिंग, एलम व क्लोरीन की मात्रा व तेज गंध व स्वाद से लोग परेशान, बच्चों-बुजुर्गों में स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें बढ़ीं



**शहडोल।** इंदौर में सामने आए जल प्रदूषण कांड के बाद एहतियातन नगरपालिका शहडोल ने पेयजल को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में ब्लीचिंग पाउडर, एलम (फिटकरी) एवं क्लोरीन की मात्रा बढ़ा दी है। प्रशासन का कहना है कि यह कदम जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए उठाया गया है, लेकिन इसके चलते शहर के कई हिस्सों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर नागरिकों की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, बीते कुछ दिनों से नलों से आने वाले पानी में तेज क्लोरीन की गंध, कड़वा स्वाद और हाथ-मुंह धोते समय जलन महसूस हो रही है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों तथा कम इम्यूनिटी वाले लोगों में पेट दर्द, उल्टी-दस्त, गले में जलन, त्वचा पर खुजली एवं एलर्जी जैसी समस्याओं की शिकायतें बढ़ी हैं।नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि इंदौर जैसी घटना से सबक लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से शुद्धिकरण प्रक्रिया को सख्त किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, 'जल स्रोतों में संभावित बैक्टीरिया व संक्रमण से बचाव हमारी प्राथमिकता है। हालांकि, नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर केमिकल की मात्रा की पुनः समीक्षा की जा रही है और जल परीक्षण लगातार कराया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञ क्या कहते हैं

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, पेयजल में फ्री रेसिडुअल क्लोरीन की सुरक्षित मात्रा सामान्यतः 0.2 से 0.5 मिलीग्राम प्रति लीटर मानी जाती है। इससे अधिक मात्रा होने पर पानी का स्वाद और गंध प्रभावित होती है और लंबे समय तक सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।इसी तरह, एलम का अत्यधिक उपयोग जल को साफ तो करता है, लेकिन अधिक मात्रा में मौजूद रहने पर पाचन तंत्र पर असर, मतली एवं पेट की अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, विशेषकर संवेदनशील वर्गों में।

### नागरिकों ने की मानक सीमा में रखने की मांग

शहरवासियों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि जल में ब्लीचिंग, एलम व क्लोरीन की मात्रा मानक सीमा में रखी जाए। जल गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में फिल्टर या वैकल्पिक शुद्ध जल व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल, पेयजल शुद्धिकरण को लेकर सुरक्षा बनाम स्वास्थ्य संतुलन का मुद्दा चर्चा में है। विशेषज्ञों ने नागरिकों को सलाह दी है कि जब तक स्थिति सामान्य न हो, पानी को उबालकर या फिल्टर कर उपयोग करें, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए।

# बसंत पंचमी पर सांदीपनि विद्यालय में सरस्वती पूजन व वार्षिकोत्सव का आयोजन



**ब्योहारी।** सांदीपनि विद्यालय मऊ विकास खण्ड ब्योहारी में 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर विद्या की देवी मां सरस्वती जी की पूजा एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक शरद जुगलाल कोल,विशिष्ट के रूप में पुष्पेन्द्र सिंह पटेल सदस्य जिला पंचायत शहडोल, जानकी राठौर सरपंच ग्राम पंचायत मऊ,राजकुमारी खैरवार सरपंच ग्राम पंचायत खामडाड, जगदीश प्रसाद प्रजापति जनपद सदस्य जनपद पंचायत ब्योहारी के आतिथ्य में संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित प्राचार्य गणों की गरिमामयी उपस्थित एवं उनके सम्मान में शशिकांत मिश्रा जी के निर्देशन में एन.सी.सी.कैडेट के दल ने सलामी देकर कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया । विकास खंड शिक्षा अधिकारी ब्रम्हानंद श्रीवास्तव बीआरसीसी ब्योहारी, मनोज कुमार केशरवानी,उत्कृष्ट विद्यालय ब्योहरी के प्राचार्य आर.डी. प्रजापति, सेवा निवृत्त प्राचार्य रामानुज बैस, हायर सेकंड्री बालक बुढ़वा प्राचार्य बैजनाथ कोल, हाई स्कूल चरखरी प्राचार्य संजय सिंह, हाई स्कूल चैरी प्राचार्य बी पी तिवारी, हाई स्कूल सेहरा प्राचार्य प्रतिनिधि आशीष खैरवार, हायर सेकंड्री निपनिया प्राचार्य सुनील कुमार साकेत, हायर सेकंड्री पथरेही प्राचार्य देवीदीन प्रजापति, हाई स्कूल महदेवा प्राचार्य के एल यादव, हाई स्कूल बोचरो प्राचार्य डॉ. सत्यजीत पाठक, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीकांत तिवारी, समाजसेवी नरेंद्र कुमार पांडेय, समाज सेवी अखिलेश सोनी, प्रेमनारायण मिश्र, रामप्रताप कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, लालबहादुर सिंह नेटी, गेंदलाल वर्मा, सचिन सिंह बघेल की उपस्थिति ने छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और छात्रों के पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साथ-साथ पढाई पर विशेष ध्यान देने हेतु अपने अपने विचार रखे। सांदीपनि विद्यालय मऊ के प्राचार्य पी एल मिश्र ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में जिला, संभाग, राज्य स्तर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि,गत वर्ष का परीक्षा परिणाम शैक्षणिक स्टाफ की उपलब्धता, विद्यालय का कक्षा कक्ष,मैदान, नए भवन को समय पर उपलब्ध कराए जाने हेतु विधायक के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किए । विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा सांदीपनी विद्यालय मऊ की व्यवस्था, सुविधाओं, खेल मैदान आदि पर हर संभव सहयोग करने पर अपने विचार रखे। विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति का आनंद अभिभावक और बच्चो ने धैर्य पूर्वक लिया। तत्पश्चात कुछ पारितोषिक और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ अपनी - अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के उप प्राचार्य आर सी द्विवेदी ने आए हुए अतिथियों का आदर पूर्वक अभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार निगम एवं सरोज पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत बहुत ही शानदार गजल के साथ किया गया साथ ही विद्यालय के बच्चो को रुचिकर भोजन और बूंदी मिष्ठान खिलाकर घर भेजा गया।

# महर्षि विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को दिया दक्षता पुरस्कार

▶ कमिश्नर सुरभि गुप्ता एवं कुलगुरु प्रो. रामशंकर रहे मुख्य अतिथि




**शहडोल।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल, कल्याणपुर शहडोल में दिनांक 24 जनवरी 2026 को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न गतिविधियों एवं वार्षिक परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरभि गुप्ता, कमिश्नर शहडोल संभाग एवं प्रो. रामशंकर, कुलगुरु पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल रहे। मुख्य अतिथियों का विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक-वंदन एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के बीच अतिथियों का कार्यक्रम स्थल तक आगमन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ, ज्ञान मैगजीन, श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। स्वागत गीत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण एवं विद्यालय प्रगति प्रतिवेदन में प्राचार्य महोदया ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई, नीट, आईआईएम, खेल एवं विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय व शहडोल जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने चेस, कराटे, क्रिकेट सहित कई खेलों में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथियों द्वारा सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 एवं 12, वार्षिक गृह परीक्षा तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए महर्षि जी द्वारा प्रणीत भावातीत ध्यान की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

## संतोष शुक्ला नेशनल वेटलैण्ड कमेटी के सदस्य बने



**शहडोल ।** नगर के समाजसेवी एवं पर्यावरणविद संतोष शुक्ला को नेशलन वेटलैण्ड कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री शुक्ला मध्य प्रदेश वाईल्ड लाईफ बोर्ड के भी सदस्य हैं। नेशनल वेटलैंड कमेटी भारत में वेटलैंड के संरक्षण और टिकाऊ प्रबंधन के लिए एक उच्चस्तरीय सलाहकार संस्था है ।यह वेटलैंड का संरक्षण और प्रबंधन करती है साथ ही केंद्र सरकार को सलाह देती है। भारत मे स्थिति रामसर कन्वेंशन स्थलों की स्थिति और उनके संरक्षण की प्रगति की समीक्षा करती है।

## फांसी के फंदे में लटकी मिली विवाहिता

**कटनी।** बड़वारा थाना के ग्राम कांटी में एक 32 वर्षीय विवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि कांटी गांव निवासी मधुरिमा पति महेंद्र कुमार श्रीवास घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। जिसके बाद बड़वारा पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर शुरुआती पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज कर मर्ग कायम किया है।



# चुहिरी में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**गोहपारू।** चुहिरी में शकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम स्थल चुहुरी क्रिकेट ग्राउंड मे समस्त नगरवासी शोभा यात्रा निकाल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाहक मनीष द्विवेदी मुख्य वक्ता रहे, संत समाज से लक्ष्मीकांत मिश्रा और मातृशक्त कौशल्या नायक रहे ।



नरेन्द्र तिवारी ने मंच संचालन किया उक्त कार्यक्रम मेंरामायण एवं भजन रामनाम संकीर्तन, विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा सामाजिक समरसता पर नाटक, एवं नृत्य व गायन का कार्यक्रम, मुख्य वक्ता द्वारा मनीष जी द्वारा हिंदुत्व पर वृहद व्याख्यान दिया गया, मातृ शक्ति द्वारा पंच परिवर्तन विषय पर व्याख्यान दिए, एवं संत लक्ष्मीकांत मिश्र द्वारा सामाजिक समरसता विषय पर प्रकाश डालते हुए कई अनछुई बातें बताए, साथ ही भारत माता की आरती कर भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह मनीष दुबे जी, खंड कार्यवाह प्रवीण दुबे,एवं कार्यक्रम के पालक राजेश परोहा जी संयोजक प्रदीप मिश्रा, राजीव तिवारी स्वामिदीन सिंह मोहन सिंह. राजनाथ अहिरवार,राम सोभित सिंह, राधिका साहू,अरविन्द द्विवेदी, कमलेश द्विवेदी, गोरेलाल केवट, अमर बहादुर सिंह, लाला परोहा,योगेश मिश्रा, हेतराम मिश्रा, नरेन्द्र यादव,प्रदीप मिश्रा,पुष्पेंद्र मिश्रा,अजय तिवारी, मोहन केवट, शिवकुमार महरा,विकास गुप्ता, विकास मिश्रा, महेन्द्र गौतम, रुक्मड़ी मिश्रा, शशि पाठक, राजकुमारी दुबे, दुर्गा सिंह, बिंद्रा सिंह, कुंजन जयसवाल, मोती नायक, कामता सोनी, भोला जयसवाल, किशन तिवारी, राधा केवट, श्रेयांश, विनय, अमर बहादुर, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में हजारों संख्या मे हिन्दू समाज एकत्रित हुआ ।

# नगर परिषद जयसिंहनगर में आनंद उत्सव कार्यक्रम

**जयसिंहनगर।** शनिवार, 24 जनवरी 2026 को 11:00 बजे से संदीपनी विद्यालय जयसिंहनगर के मैदान में आनंद उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलेएवं ब्लॉक स्तर तथा ग्रामपंचायतों में वह नगर परिषद जयसिंहनगर में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नगर के खेलकूद जैसे कबड्डी वॉलीबॉल फुटबॉल तथा क्रिकेट का खेल खिलाया गया। कई टीम में खेले में भाग लिए एवं खिलाड़ी भावना का परिचय देते हुए खेल भावना से खेल खेलें जिसमें कई टीम में भाग लिए क्रिकेट प्रतियोगिता में जनपद पंचायत जयसिंहनगर की टीम एवं शिक्षक टीम के बीच खेला गया जिसमें जनपद की टीम विजेता बनी तथा शिक्षकटीम उपविजेता इसी प्रकार से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें जयसिंहनगर केबज् एकेडमी विजेता तथा दबंग टीम उपविजेता रही। तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम खेला गया जिसमें जयसिंहनगर की टीम विजेता रही एवं उपविजेता ग्रामपंचायत निगाही कीटीम रही। कार्यक्रममें विशिष्ट मे विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के उपाध्यक्ष संपतमिश्रा तथा नगर परिषद के समस्त पार्षदगण नगर के गणमान्य नागरिक नंदन प्रजापति, सनत कुमार पांडे तथा रेफरी के रूप में वीरेंद्र केसरवानी ने न्यायिक खेल करवाएं नगर परिषद जयसिंहनगर के समस्त कर्मचारीयों का विशेष योगदान रहा। यह आनंद उत्सव कार्यक्रम नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर नगर परिषद जयसिंहनगर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कार्यक्रम आयोजितकराया गया ।




## एक नजर में

### गोहपारू में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम




**गोहपारू ।** बीते दिवस विकास खण्ड गोहपारू के सेक्टर क्रमांक 3 चुहिरी, ग्राम पंचायत भर्री में मध्यप्रदेश जन अभियान अंतर्गत 'ग्रामोदय से अभुदय अभियान 'अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ नवांकुर संस्था के प्रमुख अशोक कुमार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मुनेश बैगा, सचिव तीरथ बैगा ग्राम पंचायत सचिव, महिला बाल विकास विभाग आगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता, शिक्षक और ग्रामीण जन उपस्थित थे। अशोक कुमार द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चैपाल, रैली व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं स्वस्थ-नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण किया जाएगा अभियान सम्बंधित जानकारी दी गई।

### ग्राम महुआ टोला में आयोजित हुआ आयोजन



**गोहपारू ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम किया गया है ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश के अंतर्गत कार्यक्रम आदर्श जन कल्याण सेवा संस्था समिति रामपुर सेक्टर नंबर 03 चुहिरी विकासखंड गोहपारू द्वारा कार्यक्रम ग्राम पंचायत चुहिरा ग्राम महुआ टोला में आयोजित किया गया है जिसमें उपस्थित रहे जन अभियान परिषद के परामर्शदाता सची तिवारी नवांकुर संस्था के अशोक कुमार अहिरवार ग्राम पंचायत के सरपंच मुन्नू बैग रोजगार सहायक रामनरेश अहिरवार मोबिलाइज एवं क्षेत्र के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अनेक गणमन नागरिक सब की उपस्थिति के माध्यम से ग्राम चैपाल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ एवं अंत में समरसता भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।